भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये रु.50

FIFTY RUPEES Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

राजस्थान RAJASTHAN

CE 578980

13 JUN 2025

दौसा

शपथ पत्र

मैं डॉ. इन्द्रजीत शर्मा पुत्र श्री भगवती प्रसाद शर्मा अध्यक्ष / सचिव संकल्प विकास संस्थान एतद्द्वारा निम्नलिखित तथ्यों की पालना की घोषणा करता हूँ।

1. महाविद्यालय में सम्बद्धक विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न पदो हेतु निर्धारित कार्मिको को राज्य सरकार द्वारा वेतन एवं भत्तो पर खुले विज्ञापन द्वारा राज्य सरकार के नियमो व नीतियो के अनुसार नियुक्त किया गया है तथा भविष्य में भी किया जाकर विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
2. महाविद्यालय का संचालन किसी जाति / धर्म / राजनैतिक एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के संचालन हेतु नही होगा। यदि महाविद्यालय द्वारा किसी जाति / धर्म, राजनैतिक प्रचार प्रसार एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियें में लिप्तता पाई जाती है तो सरकार महाविद्यालय प्रबंधक समिति के विरूद्ध विधिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगी।
3. महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त की जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं में जाति / धर्म एवं वर्गो के व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान किये जाये। यदि महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली शैक्षणिक सुविधाओं में जाति / धर्म वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव किया जाता है तो सरकार ऐसी दशा में महाविद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगी।

IDENTIFIED

ATTESTED

NOTARY PUBLIC
DAUSA (RAJASTHAN)

सचिव
संकल्प विकास संस्थान
दौसा

4. महाविद्यालय प्रदुषण रहित क्षेत्र में संचालित किया जायेगा एवं महाविद्यालय संचालित किसी गतिविधि से किसी प्रकार का प्रदूषण फैलता है तो सरकार महाविद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगी।
5. महाविद्यालय के संचालन हेतु समय समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशो की अक्षरशः (Intoto) पालना की जायेगी। यदि महाविद्यालय संचालन में राजकीय निर्देशो की अवहेलना की जाती है तो राज्य महाविद्यालय प्रबंधन एवं प्रशासन के विरूद्ध कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगी।
6. संस्था द्वारा महाविद्यालय स्थापना से 3 वर्ष की अवधि में स्वंय की भूमि पर महाविद्यालय भवन का निर्माण कर लिया गया है।
7. महाविद्यालय का समस्त आय–व्यय (लेन–देन) महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष/सचिव के संयुक्त बैंक खाते में किया जा रहा है। तथा महाविद्यालय के आय व्यय का पृथक लेखा–जोखा संधारित कर प्रतिवर्ष ऑडिट कराया जाता है और भविष्य में करवाया जाता रहेगा। जिसे निरीक्षण हेतु आवश्यक होने पर उपलब्ध करवाया जायेगा ।
8. महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं के प्रवेश के संबंध में राज्य सरकार के आरक्षण नीति के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग एवं विकलांग अभ्यर्थी को क्रमशः 16, 12, 21, तथा 3 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाता है तथा भविष्य में भी दिया जाता रहेगा।
9. महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्रो का दुर्घटना बीमा, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग (साधारण बीमा) वित्त भवन, जयपुर के नियमानुसार करवाया जा रहा है। तथा भविष्य में भी करवाया जाता रहेगा।
10. संस्था द्वारा समय समय पर निर्धारित नियमानुसा महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों से लिये जाने वाले शुल्क का अनुमोदन संबंधित विश्वविद्यालय से करवाया जा रहा है तथा भविष्य में भी करवाया जाता रहेगा।
11. संस्था के पास सतत और कुशलता पूर्वक ढंग से कार्य करने के लिए अपने स्त्रोतो से पर्याप्त आवृत्ति आय है।
12. महाविद्यालय को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान घोषित कर दिया गया है।
13. महाविद्यालय की वेबसाइट बना ली गई है।
14. महाविद्यालय भवन अन्य कोई संस्था संचालित नही है।
15. महाविद्यालय की भूमि ऋण–भार से मुक्त है।
16. आवदित विषय संकाय सम्बद्ध विश्वविद्यालय में उपलब्ध है।
17. सांख्यिकी पुस्तिका की पूर्ति कर आयुक्तालय में प्रस्तुत कर दी जायेगी।
18. AISHE वेबसाइट पर रजिस्टर कर DCF-II विभाग में जमा करवा दिया जायेगा।

उपरोक्त सभी तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है तथा मैंने कोई भी तथ्य जानबूझकर नही छिपाया है। यदि उपरोक्त तथ्य गलत एवं असत्य पाये जाते है तो इसके लिए संस्था स्वंय जिम्मेदार होगी। एवं राज्य सरकार संस्था के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने को स्वतंत्र होगी।

हस्ताक्षर
(अध्यक्ष/सचिव प्रबंध समिति)
सचिव
संकल्प विकास संस्थान
दौसा

मैं डॉ. इन्द्रजीत शर्मा शिक्षण संस्था इम्पल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन यह सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथ पत्र के पैरा सं 1 से 18 में वर्णित तथ्य मेरी जानकारी एवं सत्यनिष्ठा में पूर्णतः सत्य एवं सही है। इसमें न तो कोई तथ्य गलत है, न ही कोई तथ्य छिपाया गया ळें

हस्ताक्षर
(अध्यक्ष/सचिव प्रबंध समिति)
सचिव
संकल्प विकास संस्थान
दौसा

IDENTIFIED BY

स्थान–
दिनांक–

NOTARY
J.P. GUPTA
DAUSA (RAJ.)
REG. No. 198/93
EXP. DATE
10-10-2027
GOVT. OF RAJASTHAN

ATTESTED
NOTARY PUBLIC
DAUSA (RAJASTHAN